हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]




## खबर संक्षेप



### शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

**भिलाई।** रिसाली सेक्टर के एकता मंच में छत्तीसगढ मातृशक्ति संगठन द्वारा स्व. शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। संगठन ने कहा शिबू सोरेन झारखंड की धरती के महान जननायक हुए... झारखंड की धरती व लोगों की सुरक्षा, जमीन व अधिकारों की सुरक्षा करना सोरेन की पहली प्राथमिकता थी, उनके त्याग समर्पण व नेतृत्व को झारखंड के लोगो ने दिशोम गूरु की उपाधि दी। उन्हें 'संथाल नवयुवक संघ' और झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की जिसका उद्देश्य झारखंड की जमीनों की सुरक्षा करना था। श्रद्धांजलि सभा में राजेन्द्र परगनिया ,पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, विनय नेताम, अश्लेष मरावी, चन्द्रकला तारम, कीर्ति ठाकुर, निर्मला चतुर्वेदी, ममता वर्मा, अन्नू जांगड़े आदि उपस्थित हुए।

### याद ए रफी का आयोजन

**दुर्ग।** तकियापारा, मुस्लिम सराय में याद ए रफी का आयोजन किया गया। द वाइस आफ दुर्ग सिटी, रफी फाउंडेशन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के गायकों संजय लारोकर, आईएम खान, प्रकाश सोनी, अलीम कुरैशी, रमेश पांडे, गौरव ठाकुर, राजेश शर्मा, आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। श्रोताओं व गायकों ने देर रात तक संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम में रत्ना नारमदेव, गुरमीत धनई, अबरार पवार, संजय दुबे, संजय घाटे, अजय प्रीति बेहरा, हाजी मिर्जा साजिद, मतीन भाई, आनंद सिंह, मुश्ताक, युसुफ शरीफ आदि मौजूद थे। रफी फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय लारोकर ने आभार प्रकट किया।

### बीएससी नर्सिंग परीक्षा में कोमल अव्वल

**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार निवासी



कोमल दहिया पिता संजय दहिया ने छत्तीसगढ़ व्यापम बीएससी नर्सिंग की परीक्षा में 99.99 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में अपना नाम रोशन किया। कोमल शुरू से ही पढ़ाई लिखाई में मेधावी छात्रा रही है। प्रदेश में अव्वल आने पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# बीएसपी ने वित्त वर्ष के प्रथम 4 माह में उत्पादन के अनेक कीर्तिमान रचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 के प्रथम तिमाही और प्रथम 4 माह (अप्रैल से जुलाई) की अवधि में उत्पादन के श्रेष्ठ कीर्तिमान स्थापित किए है। संयंत्र ने अपने उत्पादन के तीनों प्रमुख उत्पादों हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील के उत्पादन में नए कीर्तिमान दर्ज करते हुए विगत वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के स्थापित कीर्तिमानों को पीछे छोड़ दिया है।

चार माह में कुल 20,19,569 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया है। क्रूड स्टील के उत्पादन में संयंत्र ने 19,53,432 टन उत्पादन कर, वित्त वर्ष 2023-24 के 18,90,480.43 टन को पीछे छोड़ा। बाजार में उपभोक्ताओं की मांग को ध्यान में रखते हुए संयंत्र ने विक्रेय इस्पात का इन 4 माहों में 17,41,597.51 टन का उत्पादन किया है।

ब्लास्ट फर्नेस-08 से 9,88,423 टन हॉट मेटल को रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया गया है । वहीं एसएमएस 3 एसएमएस-3 ने कास्ट स्टील का उत्पादन 11,84,649 का दर्ज किया है । इसके साथ ही एसएमएस-3 ने बिलेट उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 8,31,932 टन बिलेट का रिकार्ड उत्पादन दर्ज किया है।

### बिलेट ओर कास्ट स्टील का भी रिकार्ड





### रोलिंग मिलों ने रचा कीर्तिमान

रोलिंग मिलों ने भी इस अप्रैल से जुलाई के दौरान बेहतर निष्पादन दर्ज किया है। संयंत्र की बीआरएम ने 3,56,193 टन का उत्पादन दर्ज किया जो विगत वित्त वर्ष 2024-25 के 3,25,579 टन से अधिक है। रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने लांग रेल के उत्पादन में उल्लेखनीय योगदान देते हुए 60,003 टन लंबी रेलपांतों का उत्पादन किया है । यूआरएम प्रथम चार माह में 4 उल्लेखनीय उत्पादों में रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है।

## मुद्दों को लेकर सियासत : पिछले चुनाव में दिल्ली चलो का हुआ था आह्वान

# यूनियन चुनाव पूर्व फिर एनजेसीएस बनाम नान एनजेसीएस में शुरू हुई जनाधार बढ़ाने की रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*बीएसपी के मान्यता यूनियन चुनाव के पूर्व एक बार फिर एनजेसीएस बनाम नान एनजेसीएस यूनियन की जद्दोजहद दिखाई दे रही है। दोनों ही सदस्य कर्मचारियों के बीच उनकी समस्याओं को लेकर जनाधार बढ़ाने की कवायद में जुटी हुई हैं। गैर एनजेसीएस यूनियनों का मानना है कि एनजेसीएस श्रमिक संगठन कर्मियों की समस्याओं का निदान नहीं कर पा रहे हैं वहीं एनजेसीएस यूनियनें उन्हेंजनाधार विहीन बता रही हैं।*

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मान्यता यूनियन के लिए चुनाव होना है। यूनियनें अक्टूबर या नवंबर माह के अंत में चुनाव मानकर तैयारी में जुट गई है। चुनाव के लिए एएलसी ने सभी यूनियनों से सदस्यता आदि विषयों पर दस्तावेज मंगाए हैं।

अब तक सिर्फ दो यूनियनों ने डाक्यमेंट्स जमा किए हैं। एलसी (उप श्रमायुक्क केंद्रीय )के अलावा बीएसपी प्रबंधन में तैयारी को लेकर महीनेभर पूर्व बैठक ले चुका है। इस दौरान यूनियनों ने वर्क्स व नान वर्क्स एरिया में कर्मियों से जनाधार बढ़ाने संपर्क व उनके मुद्दों को लेकर प्रबंधन से मिलना तेज कर दिया है। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी चुनाव के पूर्व गैर एनजेसीएस यूनियन यानी लोकल यूनियनें एनजेसीएस यूनियनों को कटखरे में खड़ी कर रही हैं। उनका कहना है कि एनजेसीएस यूनियनों की उदासीनता से सेलकर्मियों का वेतन समझौता अब तक अपूर्ण है। 39 महीने का एरियर्स और भत्ते का भुगतान नहीं हुआ है।

केंद्रीय यूनियनें सिर्फ दिल्ली बैठक में जाकर टीए पका रही हैं। वहीं एनजेसीएस यूनियनों का कहना है कि हर बार चुनाव पूर्व कुछ नान एनजेसीएस यूनियनें इस तरह का आरोप लगाकर हो माहौल बनाने का प्रयास करती हैं। हकीकत है यह है कि इनका सदस्यों में जनाधार एक दो परसेंट से अधिक नहीं हैं। पिछले पचास साल में सेल कर्मियों के हितों में जो भी काम हुए सभी में एनजेसीएस का योगदान है।

### खास बातें

- पिछले चुनाव के पूर्व बीडब्ल्यूयू के बैनर तले नान एनजेसीएस यूनियनों को दिल्ली में लामबंद करने की हुई थी कवायद
- मान्यता यूनियन चुनाव में नहीं बढ़ा जनाधार
- पिछले 50 साल में कर्मियों के हितों की उपलब्धि का एनजेसीएस यूनियनें ले रही श्रेय

### अब तक अधूरा है हजारों सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता




### पिछले चुनाव में भी नान एजेसीएसी की गोलबंदी का प्रयास

वर्ष 2022-23 में हुए मान्यता यूनियन चुनाव में भी गैर एनजेसीएस यूनियनों को गोलबंद करने की कोशिश हुई थी। कर्मियों के मुद्दों पर बीएसपी वर्कर्स यूनियन बीडब्ल्यूयू ने गैर एनजेसीएस यूनियनों को दिल्ली चलो का आह्वान देकर सांसद के माध्यम से केंद्रीय मंत्री से मिलवाया था। लेकिन सिर्फ दो एनजेसीएस यूनियन ही शामिल हो पाई। वहीं जब चुनाव हुआ तो बीडब्ल्यूयू सहित अन्य 7 गैर एनजेसीएस यूनियनें एनजेसीएस यूनयनों से जनाधार में बहुत पीछे रही थीं। आईडी एक्ट के तहत हुए पिछले चार चुनाव में एक भी नान एनजेसीएस यूनियन जीत नहीं पाई है। दो बार सीटू, एक बार इंटक व भिलाई इस्पात मजदूर संघ संबद्ध बीएमएस चुनाव जीती है। आगामी चुनाव में सभी यूनियनें जनाधार बढ़ाने की कवायद में जुट गई हैं।

### दर्जनभर यूनियनें चुनाव में लेंगी भाग

बीएसपी के मान्यता यूनियन चुनाव में दर्जनभर यूनियनों को भाग लेना हैं। वर्तमान में कोई यूनियन मान्यता में नहीं है। पिछला चुनाव जीतने वाली यूनियन बीएसमएस का कार्यकाल छह माह पूर्व खत्म हो चुका है। इस साल चुनाव में पांच एनजेसीएस यूनियनें और सात नान एनजेसीएस यूनियनें भाग लेंगीं। एनजेसीएस यूनियन इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, बीएमएस व गैर एनजेसीएस यूनियन एक्टू, लोईमू, बीडब्ल्यूयू, स्टील वर्कर्स यूनियन,श्रमिक इस्पात मंच, बीएकेएस (भिलाई अनाधिशासी संघ) भाग लेंगी। अब तक दो बार सीटू, एक बार इंटक व एक मर्तबा भिलाई इस्पात श्रमिक मंच चुनाव जीत चुकी है यानी सर्वाधिक सदस्यता हासिल कर मान्यता हासिल कर चुकी है।

### कर्मियों के मुद्दे अटकने व चुनाव लेट से असंतोष

बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों के कई बड़े मुद्दे लंबित होने और कार्यकाल खत्म होने के बाद महीनों बाद भी चुनाव नहीं होने से यूनियनों व कर्मियों में असंतोष है। अब तक सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता अपूर्ण है। 39 महीने का एरियर्स नहीं मिला है और भत्ते आदि का भुगतान भी लंबित है। इससे कर्मियों को 4 से 5 लाख का नुकसान हो रहा है। वहीं यहां चुनाव नहीं होने से प्रबंधन कर्मियों की समस्यों को लेकर यूनियनों को तवज्जो नहीं दे रहा है। इसकी वजह प्रतिनिधि यूनियन का नहीं होना है। चुनाव में लेटलतीफी से भी से यूनियनें क्षुब्ध हैं। बीएसपी कर्मियों की कई समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है। सभी यूनियनें मुद्दों को लेकर अलग-अलग प्रबंधन से मिलकर मांगें पूर्ण होने आश्वासन का दावा करती है लेकिन समस्याओं का निदान होता नहीं देख रहा है।

# पीलिया: बीएसपी कर रहा निगरानी, लिया सैंपल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पीलिया के फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग द्वारा दो दिन से कैम्प क्षेत्र के संयंत्र के अधिनस्थ एरिया की सतत निगरानी की जा रही हैं। 4 और 5 अगस्त को नगर सेवाएं विभाग के पीएच के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने घर-घर जाकर दौरा किया और जानकारी एकत्र की ।

- सीवरेज चेंबर व बैकलेन में है कब्जे, पीएचई को सफाई में दिक्कत

नगर सेवा विभाग ने 4 अगस्त को टाटा लाइन क्षेत्र कैंप - 2 का दौरा किया और पीलिया, गंदे और पीले पानी आने के बारे में जानकारी ली। 5 अगस्त को भी विभागय टीम टाटा लाइन कैंप - 2 क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया।

बीएसपी के एरिया में आने वाले कैंप क्षेत्र में स्थित मेंटेनेंस ऑफिस में गंदा पानी मिलने की कोई भी शिकायत दर्ज नहीं है। पीएचडी लगातार दो दिनों से कैंप क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं तथा इस क्षेत्र में निगरानी रख रहे हैं। बीएसपी प्रबंधन के द्वारा बनाए गए टाटा लाइन कैंप - 2 एरिया में मकान के पीछे बैक लाइन में अधिकांश जगह लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। बीएसपी मकानों के आसपास छोड़े गए खाली जगहों पर अवैध रूप से अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया हैं। सीवरेज चैंबर और पीने की पाइप लाइन के ऊपर भी अतिरिक्त निर्माण कर रखा गया है। इससे सीवरेज चैंबर, पीने के पाइप लाइन की मरम्मत तथा बैकलेन की सफाई में पीएचई विभाग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैकलेन में अतिक्रमण के बावजूद भी सीवरेज लाइन की सफाई नियमित रूप से की जा रही है।

टाटा लाइन एरिया में बीएसपी के अलावा नगर निगम द्वारा भी पानी की सप्लाई की जाती है। उस एरिया में कई आवासधारियों द्वारा बोरवेल के माध्यम से भी पीने का पानी का उपयोग किया जा रहा है। इस क्षेत्र में विभाग द्वारा बीएसपी के आवासों के पानी का सैंपल जांच के लिए लिया जा रहा है।

# 10 हजार बहनों ने विधायक सेन को बांधी राखी, दिए गए उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के लोकांगन परिसर में मंगलवार की शाम राखी महोत्सव की जमकर धूम रही। हजारों बहनों ने जहां अपने विधायक रिकेश को राखी बांधी।

वहीं उनके साथ काफी देर तक म्यूजिक की धुन पर डांस भी किया। शाम 5 बजे से रक्षाबंधन का यह महोत्सव रात्रि 9 बजे तक चलता रहा। विधायक सेन ने इस दौरान महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक संबलता के लिए चल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी दी बल्कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में बालिकाओं को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। उन्होंने बहनों के स्व रोजगार के लिए हमेशा की तरह हर संभव सहायता का भी संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में वैशाली नगर विधानसभा के विकास को लेकर दिन-रात चिंता करते हुए मैंने कांग्रेस सरकार में पिछले 5 वर्षों से उपेक्षित वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र को हर मामले में आगे ले जाने का प्रयास किया है। कई कार्य हम सभी को दिखाई देने लगे हैं और बहुत से अभी होने हैं, आने वाले एक दो वर्षों के भीतर जब अधिकांश कार्य मूर्त रूप ले चुके होंगे तो हम छत्तीसगढ़ की सबसे उत्तम और विकसित विधानसभा के रूप में वैशाली नगर को देखेंगे। यहां की जनता ने जिस प्रेम और विश्वास से मुझे हमेशा आगे बढ़ाया है उतनी ही शिद्दत से मैं लगातार कार्य करता रहूंगा। लगभग 30 वर्षों की राजनीति में मैं जनप्रतिनिधि के रूप में जिस भी जिम्मेदारी में रहा सदैव मैंने अपने क्षेत्र के लोगों को परिवार मान कर अपनत्व भाव से कार्य किया है। हर वर्ष हजारों बहनें मुझे राखी बांधती रही हैं। रक्षा बंधन का अर्थ है सुरक्षा का बंधन या सुरक्षा का धागा। यह एक ऐसा त्योहार है जो भाई-बहन के बीच प्रेम और सुरक्षा के रिश्ते का प्रतीक है।



- वैशाली नगर की जनता से मेरा पारिवारिक रिश्ता : रिकेश

# गोलीकांड का आरोपी सालभर से था फरार, पता चला दूसरे मामले में जेल में बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आपसी रंजिश के कारण गोली चलाकर प्राणघातक हमला करने के एक मामले में पिछले करीब 1 साल से फरार आरोपी केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद मिला। वह एक अन्य मामले में निरुद्ध था। जानकारी के बाद पुलिस ने लीगल प्रक्रिया कर फरार चल रहे आरोपी रविशंकर पिता स्व नंदकुमार यादव उम्र 37 वर्ष निवासी विवेकानंद नगर जामुल को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2024 की है। हत्या की नीयत से आरोपियों ने पिस्तौल से ओम प्रकाश राय पिता राम प्रकाश राय उम्र 55 वर्ष निवासी लक्ष्मी नगर सुपेला पर गोली चलाई थी। मामले में पुलिस ने चंद्रभूषण सिंह, रोशन निषाद एवं रवि शंकर यादव को आरोपी बनाया था। चंद्रभूषण और रोशन पहले ही पकड़े जा चुके थे, लेकिन रविशंकर पुलिस रिकार्ड में फरार चल रहा था। आरोपियों के विरुद्ध सुपेला थाने में धारा 450, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज था। फरार आरोपियों की तलाश के दौरान पता चला कि वह किसी अन्य मामले में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध है। इसके बाद विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त किया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है। गौरतलब हो कि सुपेला थाना क्षेत्र अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था फेल साबित हो रही है।

- 25 अप्रैल 2024 की घटना में दो आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके

# डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संवर्धन उपायों के दिए टिप्स, नियमित करें व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वावधान में सेमिनार बोन एंड जॉइंट वीक का आयोजन मंगलवार को सियान सदन, में किया गया। सेमिनार की थीम थी हाऊ टू इम्प्रूव क्वालिटी ऑफ लाइफ इन ओल्ड ऐज है।

मुख्य वक्ता दुर्ग ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वीएस बघेल, जेएलएन हॉस्पिटल सेक्टर-9 के ऑर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. रघुनंदन बिसोई तथा जिला अस्पताल दुर्ग से डॉ. विपिन जैन थे।सेमिनार में 40 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने भागीदारी निभाई। डॉ. कल्याण साहू,सीनियर कंसलटेंट (ऑर्थोपेडिक्स) डॉ. इम्युएल मैसी, डॉ. एस घोष सहित जेएलएन चिकित्सालय की टीम की उपस्थित थी।

### बीएसपी सियान सदन में बोन एंड जॉइंट वीक स्वास्थ्य जागरुकता सेमिनार का आयोजन



### दोस्त बनाएं व व्यायाम करें

वक्ताओं ने अपने संबोधन में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वास्थ्य-संवर्धन उपायों, नियमित स्वास्थ्य जांच, दैनिक हल्के व्यायामों एवं विशेष रूप से हड्डियों को मजबूत बनाए रखने वाले अभ्यासों पर चर्चा की। इस अवसर पर फिजियो थेरेपिस्ट डॉ. श्वेता शर्मा द्वारा व्यावहारिक व्यायाम सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने वरिष्ठजनों को सेहतमंद रहने दोस्त बनाना, नियमित सैर करना और सरल व्यायामों को दिनचर्या में शामिल करना आदि सुझाव दिए।

## राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन स्पर्धा उद्घाटित

# महिला वर्ग में कबीरधाम ने रायपुर व पुरुष वर्ग में धमतरी ने बस्तर को हराया, 14 टीम ले रहीं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 6 अगस्त तक सेक्टर-4 स्थित बीएसपी बॉल बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद, बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष उप प्रबंधक रजी उन्नी, क्लब के सचिव डीवीएस रेड्डी, कोषाध्यक्ष श्यामल बनर्जी, महासचिव वाय राजा राव तथा नासिर खान भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए दृढ़ निश्चय और समर्पण आवश्यक है और लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने खेल के साथ शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित कर आगे बढते रहने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 18 और महिला वर्ग की 14 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबले खेले गये। महिला वर्ग में कबीरधाम ने रायपुर को 35-9 व 35-21 से पराजित किया। महासमुंद ने गरियाबंद को 35-18 और 35-21 से हराकर जीत दर्ज की। दुर्ग और गरियाबंद के बीच हुए मुकाबले में गरियाबंद ने 35-5 और 35-17 से जीत हासिल की, वहीं धमतरी ने बलौदा बाजार को 35-22 एवं 35-37 से हराया।पुरुष वर्ग में धमतरी और बस्तर के मध्य मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच धमतरी ने 31-35, 35-28 और 35-31 से मुकाबला जीत लिया। गरियाबंद कॉरपोरेशन और रायगढ़ के बीच हुए मुकाबले में गरियाबंद कॉरपोरेशन ने 35-37, 35-29 और 26-35 से विजय प्राप्त की। एनएमडीसी और गरियाबंद जिले के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में एनएमडीसी ने 37-35, 28-35 और 36-34 से जीत दर्ज की। महासमुंद ने बलौदा बाजार को 33-35, 35-12 और 35-25 से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति के आधार पर खेली जा रही है।




### ज्ञान से संगठन की प्रगति में योगदान



**भिलाई।** बीएसपी के भिलाई निवास में मंगलवार को सेल स्तरीय मैनेजमेंट और बिजनेस क्विज़ (एमबीक्यू) शुरु हुई । दो दिवसीय प्रतियोगिता बीएसपी के मानव संसाधन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग (एचआर एलएंडडी) द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के तीन प्रमुख वर्ग सक्षम, समर्थ और समृद्धि के अंतर्गत सेल की विभिन्न इकाइयों से 34 दो-सदस्यीय टीमें भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने प्रतियोगिता शुरु की। सीजीएम संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित अन्य वरिष्ठ उपस्थित थे।क्विज़ सत्रों का संचालन क्विज़ मास्टर्स पैनल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पूर्व हेड उमेश कामथ, पूर्व ईडी सेल एसपीएस जग्गी, तथा पूर्व जीएम बीएसपी जेकब कुरियन शामिल हैं।

# पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने पहुंची महिलाएं हुई चेन स्नेचिंग का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंतराष्ट्रीय शिवमहापुराण कथावाचक प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम में महिलाओं का चेनस्नेचिंग होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना मंगलवार अंतिम दिन के कथा के समय हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक जयंती स्टेडियम में आयोजित शिवमहापुराण कथा में प्रदेश भर से महिलाएं पुरुष कथा सुनने भक्तगण पहुंचे थे। कथा 30 जुलाई से 5 अगस्त से चलता रहा, अंतिम दिन कथा को सुनने भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी का फायदा हुए अज्ञात ने महिलाओं के गले से चेनस्नेचर कर फरार हो गए। घटना की शिकार तीन महिलाएं हुई है। जिसकी लिखित शिकायत भिलाई नगर थाने में की गई है। जिसमें तीन महिलाओं ने अपने मंगलसूत्र पार होने की जानकारी तो वहीं दो ने बाइक चोरी की शिकायत की है। पुलिस ने एक बाइक चोर को पकड़ लिया है। पीड़ित महिला बबली श्रीवास्तव के मुताबिक कथा सुनने वह सातों से आ रही है। आज जब कथा समाप्त हो रहा था तभी एक अज्ञात पीछे से मंगलसूत्र को खींचकर फरार हो गया। कथा में भीड़ इतनी थी कि महिला आरोपी की पीछा नहीं कर पाई। महिला का एक तोले का मंगलसूत्र पार हो गया। इसके अलावा मंजू पुरोहित के मुताबिक कथा स्थल से बाहर निकलते समय एक सफेद कपड़ों में महिला उनके पास आई और डेढ़ तोले का मंगल सूत्र पार कर दिया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटनाओं को लेकर पुलिस जांच कर रही है। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 महिलाओं को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण मातृत्व योजनाओं की दी गई जानकारी



12 यूनियन चुनाव पूर्व फिर एनजेसीएस बनाम नान




## खबर संक्षेप

### बालोद स्पर्धा के लिए डीईओ ने खिलाड़ियों को किया रवाना




**बेमेतरा।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने क्षेत्रीय प्रतियोगिता बालोद में भाग लेने जाने वाले 90 खिलाड़ियों सहित क्रीडा अधिकारियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेल का प्रदर्शन करने और वहां से विजयी होकर आने के लिए शुभकामना भी व्यक्त किये।

### चंडी मंदिर नेवनारा में रक्षाबंधन पर्व का भव्य आयोजन

**बेमेतरा।** रक्षाबंधन पर्व का भव्य आयोजन आज चंडी मंदिर, नेवनारा में किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता एवं जनसेवक योगेश तिवारी को हजारों बहनों द्वारा राखी बांधी जाएगी। आयोजन का समय दोपहर 1:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक रखा गया है।इस दौरान राखी बंधन के साथ ही मानस गान का संगीत का आयोजन भी रखा गया है। किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से यह आयोजन निरंतर हो रहा है, जिसमें बेमेतरा विधानसभा की 8 से 10 हजार बहनें उन्हें राखी बांधती हैं। इस अवसर पर बहनों के लिए स्वादिष्ट भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई है ।

### ऑपरेशन मुस्कान, 15 गुमशुदा बालक-बालिकाओं को खोजकर परिवार को सौंपा

**बेमेतरा।** पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत विशेष टीम गठित कर 15 गुमशुदा बालक एवं बालिकाओं को दस्तयाब कर बरामद किया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने तकनीकी सहायता के माध्यम से गुमशुदा बच्चों को राज्य एवं दिगर राज्यों से बरामद किया और उनके परिवारों को सौंप दिया। बेमेतरा पुलिस ने 1 जुलाई से 31 जुलाई तक ऑपरेशन मुस्कान के सफल संचालन हेतु जिले में विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें जिले एवं थाना स्तर पर टीम गठित की गई। ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य
लापता बच्चों को खोजना और बचाना ऑपरेशन मुस्कान एक राज्यव्यापी अभियान है जो लापता बच्चों को खोजने और उन्हें बचाने के लिए गृह मंत्रालय की एक पहल है। इस अभियान के तहत राज्य पुलिस लापता बच्चों की पहचान करती है, उन्हें बचाती है और उन्हें उनके परिवारों से जोड़ती है। बेमेतरा पुलिस ने लापता बालक एवं बालिकाओं और उनके माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान लौटाने में सफलता हासिल की है और बरामद बच्चों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है।

# जिले में मोर गांव मोर पानी अभियान से जल संरक्षण को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में जल संरक्षण को लेकर बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखाई दे रहे हैं।

इसी क्रम में 'मोर गांव मोर पानी' अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के लिए संरचनात्मक कार्य करना और जनभागीदारी को बढ़ाना है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण की जरूरत और इसकी तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और क्रियान्वयन एजेंसियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'मोर गांव मोर पानी' जैसे अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जाए, ताकि यह सरकारी योजनाओं तक सीमित न रहे। इस पहल से न केवल पर्यावरणीय संतुलन बेहतर होगा, बल्कि ग्रामीणों की पानी से जुड़ी समस्याओं का भी स्थायी समाधान मिलेगा, जिससे बेमेतरा एक जल-सुरक्षित जिला बन पाएगा।





### तिलई गांव बना मिसाल

जनपद पंचायत बेरला के ग्राम तिलई में जल संरक्षण के लिए सराहनीय काम किए गए हैं। यहाँ **रिचार्ज पिट, तालाबों का गहरीकरण और नए तालाबों का निर्माण जैसे कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं। ये संरचनाएं न केवल बारिश के पानी को जमा कर रही हैं, बल्कि भूजल स्तर को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह पहल जिले के अन्य गांवों के लिए एक प्रेरणा बन गई है।

## समस्या : अब तक 255 मिमी बारिश दर्ज, धान मुरझाने लगे

# नवागढ़ में 33 प्रतिशत कम बारिश, खेतों में आई दरारें, सिंचाई स्रोत सूखने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

आसमान में बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन उनके बरसने की नीयत जैसे बदल गई है। नवागढ़ ब्लॉक इस बार मानसून की बेरुखी का सबसे बड़ा शिकार बना है। जुलाई पार हो चुका है, अगस्त की शुरुआत हो चुकी है लेकिन खेत अब भी पानी को तरस रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस समय तक नवागढ़ में औसतन 382.31 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक केवल 255 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यानी 33 प्रतिशत की कमी, जो सीधे-सीधे कृषि, जल भंडारण और ग्रामीण जीवन पर भारी पड़ रही है। गांवों में जो धान की रोपाई पहले दौर में हुई थी, अब वह मुरझाने लगी है।

खेतों में दरारें ऐसी दिख रही हैं, जैसे भूकंप आया हो। किसान बेमन से खेतों में जा रहे हैं क्योंकि उम्मीद अब बादलों से नहीं, राहत योजनाओं से जुड़ गई है। किसान वेदप्रकाश वर्मा (ग्राम कटई) ने कहा की हमने सोचकर कर्ज लिया, बीज डाला, खाद डाला लेकिन ऊपर से एक बूंद नहीं गिरी। अब न ऊपर वाला सुन रहा, न सरकार दिखाई दे रही। किसान फूलचंद साहू (ग्राम बोरतरा) ने कहा की खेत ने हाथ जोड़ लिए हैं। अब या तो पानी आए, या प्रशासन कुछ करें। नहीं तो हम आधे खेत छोड़कर पूरे परिवार को लेकर शहर जाएंगे।



### सूखा सर्वे तक शुरू नहीं, न राहत योजना की घोषणा



अभी तक न तहसील स्तर पर कोई सूखा सर्वे प्रारंभ हुआ है, न ही प्रशासन की तरफ से राहत या मुआवजा योजना की कोई सूचना गाँवों तक पहुँची है। कई गाँवों के सिंचाई स्रोत नहरें, तालाब, कुएं या तो सूखने लगे हैं या आधे पर हैं। कृषि विभाग के अधिकारी केवल इतना कह रहे हैं कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। अगले सप्ताह अच्छी बारिश की संभावना है। लेकिन जब खेत में बीज सूख रहे हों, किसान की नजर सिर्फ 'संभावना' पर नहीं, 'व्यवस्था' पर होती है।

### जिपं सदस्य मधु रॉय का तंज फाइलें भीगती हैं, खेत नहीं

जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सीधा हमला बोलते हुए कहा जब गर्मियों में तालाब सूखते हैं, तब काम स्वीकृत होता है। जब बारिश नहीं होती, तब सर्वे प्रस्तावित लिखा जाता है। गाँव में अगर संकट आता है, तो सबसे पहले फाइलें भीगती हैं खेत नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन सिर्फ बोर्ड और बैनर तक सिमट गया है। जब असली पानी की जरूरत पड़ी, तो न टंकी चली, न पाइपलाइन।

### अगस्त में भी बारिश नहीं हुई, तो पीने के पानी का संकट निश्चित

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अगस्त के दूसरे सप्ताह तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई, तो भूजल स्तर तेजी से नीचे गिरेगा। कई गाँवों में हैंडपंप और कुएं पहले ही जवाब देने लगे हैं। ऐसे में पीने के पानी के लिए टैंकर ही एकमात्र विकल्प बचता है लेकिन वह भी सीमित संसाधनों में मुमकिन नहीं होगा। यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो यह वर्षा में 33 प्रतिशत की कमी, पूरे साल के लिए 100 प्रतिशत मुसीबत बनकर उभरेगी। खेती को नुकसान, पलायन, पेयजल संकट, ग्रामीण बेरोजगारी यह सब एक चक्र की तरह फैल सकता है।

# 2.44 लाख के जेवर व नकदी बरामद, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नांदघाट

थाना नांदघाट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 2 लाख 43 हजार 900 रुपये कीमती सामान बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मेहना निवासी कलिन्द्री साहू (60 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3-4 अगस्त की दरम्यानी रात अज्ञात चोर ने उसके घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर पेटी में रखे 2.15 लाख रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामग्री चोरी कर ली। चोरी गई सम्पत्ति की कुल अनुमानित कीमत 2.65 लाख रुपये बताई गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी में लिप्त आरोपी क्षेत्र में देखा गया है। तत्काल घेराबंदी कर आरोपी राकेश साहू उर्फ लल्लू (32 वर्ष), निवासी मेहना को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी से 19,500/- रुपये नगद, मोबाइल फोन (कीमत 33,000)

यामहा बाइक (कीमत 1.50 लाख), सोने-चांदी के जेवरात (कीमत 41,400) कुल जुमला बरामद संपत्ति 2,43,900/- रुपये है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी नांदघाट उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, सउनि यागेश्वर देशमुख, आरक्षक बालमुकुंद सिंह, नरेन्द्र बंजारे सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों ने इस कार्रवाई में भूमिका निभाई।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन पर जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान में पहुंचकर तैयारियों की मैदानी समीक्षा इस दौरान उन्होंने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मैदान में आयोजित होने वाले फाइनल रिहर्सल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सद्भावना दौड़ एवं सद्भावना मैच की तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, विद्यार्थियों एवं युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम इस प्रकार आयोजित हों कि हर वर्ग में देशभक्ति और सामाजिक एकता की भावना जागृत हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 13 अगस्त को अंतिम रिहर्सल, 14 अगस्त की शाम एक शाम शहीदों के नाम एवं सांस्कृतिक-देशभक्ति कार्यक्रमों को प्रभावशाली, अनुशासित और जन-सहभागिता से परिपूर्ण बनाया जाए।कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि 14 और 15 अगस्त की रात समस्त शासकीय कार्यालयों एवं भवनों में प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा और उल्लास सभी तक पहुंचे।

श्री शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व में किसी भी प्रकार की लापरवाही

# श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से 62 तीर्थयात्री रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना (अयोध्या धाम) के अंतर्गत जिले से चयनित श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस योजना के अंतर्गत शासन द्वारा 62 तीर्थयात्रियों (जिसमें 02 अनुरक्षक शामिल हैं) का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य के अनुसार जिले के जनपद पंचायत बेमेतरा, साजा, बेरला, नवागढ़ से 48 तीर्थयात्री तथा नगर पालिका परिषद् बेमेतरा एवं नगर पंचायत थानखम्हरिया, नवागढ़, भिमौरी, कुसमी एवं दाढ़ी से 12 तीर्थयात्री चयनित किए गए।

प्रातः 07 बजे सभी तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कलेक्टोरेट




भवन के दृष्टि सभाकक्ष में किया गया। इसके बाद 07:30 बजे जिला कलेक्टोरेट परिसर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर श्री अनिल वाजपेयी तथा उप संचालक समाज कल्याण विभाग के द्वारा हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को दो बसों के माध्यम से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा, जनपद पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष श्रीमती हेमा दिवाकर, अपर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं समाज कल्याण उपसंचालक द्वारा सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

श्रद्धालुओं में उत्साह और श्रद्धा का विशेष भाव देखा गया। सभी यात्रीगण निर्धारित कार्यक्रमानुसार राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से विशेष रेलगाड़ी द्वारा अयोध्या धाम में श्री रामलला के दर्शन हेतु रवाना हो चुके हैं। यात्रा पूर्ण होने के पश्चात यह दल 09 अगस्त 2025 की देर रात तक बेमेतरा लौटेगा।

यह आयोजन कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में सुचारु रूप से संपन्न हुआ, जिसमें प्रशासन की ओर से सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा की सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की गईं थीं। श्री रामलला के दर्शन हेतु रवाना हुए श्रद्धालुओं ने प्रदेश शासन और जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया

## ग्राम पंचायत मनियारी में हुई ग्राम सभा

# रामेश्वर का आवास के लिए मिली जगह, मनियारी पंचायत का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र ग्राम पंचायत मनियारी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने अपनी समस्याओं को साझा किया और समाधान के लिए चर्चा की। इस ग्राम सभा में रामेश्वर विश्वकर्मा ने आवास बनाने के लिए स्थानीय जमीन की मांग को लेकर आवेदन किया, जिसे ग्राम पंचायत ने स्वीकार कर लिया और उन्हें आबादी जमीन देने का आश्वासन दिया।

ग्राम सभा के नियमानुसार संचालन के लिए ग्रामसभा अध्यक्ष के रूप में भवमोचन चौबे को नियुक्त किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत मनियारी सचिव मनोज गायकवाड़ ने ग्राम सभा के बारे में विस्तार रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हर व्यक्ति किन विभाग अंतर्गत अपनी समस्या पर आवेदन कर सकते है ,उक्त आवेदन की जांच कर संबंधित



विभाग को देने की हुए कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान नया राशन कार्ड बनाना, नाम काटना, जॉबकार्ड, पेंशन, आवास प्लस में नाम जोड़ना सम्बंधित पर चर्चा किया गया। ग्राम पंचायत मनियारी के निवासी रामेश्वर विश्वकर्मा पिता मनोहर विश्वकर्मा ने आवास बनाने के लिए स्थानीय जमीन की मांग को लेकर आवेदन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत जनप्रतिनियों सहित ग्रामीणों ने पूरा सहयोग प्रदान करते हुए रामेश्वर विश्वकर्मा को आबादी जमीन देने को कहा गया। बता दें कि रामेश्वर विश्वकर्मा ग्राम मनियारी में 34 सालों से निवासी है। लेकिन अब तक उनके पास खुद की रहने के लिए कोई जमीन नहीं है न ही घर है। गांव के ही सहयोग से अपना जीवन यापन मजदूरी कर अपना परिवार का लालन पालन कर गुजारा कर रहे है। बैठक में ग्रामीणों सहित ग्राम पंचायत सरपंच सोहन साहू, सचिव मनोज गायकवाड़, रोजगार सहायक चंद्रशेखर चेलक, ग्रामसभा अध्यक्ष भवमोचन चौबे, उपसरपंच संतोष साहू, पंच गण सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 15 अगस्त 2025 के अमृत महोत्सव पर आमंत्रण

ग्राम पंचायत ने 15 अगस्त 2025 के अमृत महोत्सव पर ग्रामीणों को आमंत्रित किया है, जिसमें ग्रामवासी अपने देश की आजादी की 78वीं वर्षगांठ मनाएंगे और इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# आयुष्मान अस्पताल में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख से ज्यादा की रकम बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस ने आयुष्मान अस्पताल में चोरी के एक मामले में सफलतापूर्वक आरोपी को पकड़ लिया है।

आरोपी शेष मानस ने एक अगस्त की सुबह आयुष्मान अस्पताल के रिसेप्शन काउंटर से 1,46,000 रुपये चोरी किए था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1,03,000 रुपये बरामद कर लिए हैं। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने चोरी की रकम में से 43,000 रुपये जुआ खेलकर हार गया और कुछ रकम शराब में खर्च कर दी।

पुलिस ने बताया कि विक्रम सिन्हा ने 4 अगस्त रिपोर्ट दर्ज कराई कि आयुष्मान अस्पताल के रिसेप्शन काउंटर से कोई अज्ञात



व्यक्ति नगदी रकम चोरी कर ले गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर आरोपी शेष मानस को हिरासत में लिया। आरोपी ने पूछताछ में चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। पुलिस टीम की भूमिका थाना प्रभारी मयंक मिश्रा, सउनि मोहन लाल साहू, आरक्षक राहुल यादव, शिव सेन और अन्य स्टाफ ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### शहर में दुकान चलाने के लिए ट्रेड लाइसेंस जरूरी नहीं तो होगी कार्रवाई

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दुकान संचालित करने के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। बावजूद लंबे समय से इसकी अनदेखी की जा रही है। अब निगम ऐसे दुकानदारों से सख्ती से निपटेगा, जो बिना लाइसेंस के दुकान का संचालन कर रहे हैं। ऐसे सारे लोगों का सर्वे होगा। निगम की टीम गली-मोहल्ले में पहुंचकर ऐसे लोगों की पहचान करेगी। उन्हें नोटिस जारी कर लाइसेंस की अनिवार्यता की की जानकारी देगी। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 366 एवं अन्य प्रावधानों के तहत जुर्माना कार्रवाई की जाएगी। ट्रेड लाइसेंस एक वर्ष के लिए जारी किया जाता है, यदि कोई भी कारोबारी समय पर नवीनीकरण नहीं कराता है, तो उस पर भी अर्थदण्ड से दण्डित किया जाएगा। ट्रेड लाइसेंस के लिए प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है। लाइसेंस के लिए निगम द्वारा गठित टीम प्रतिदिन सर्वे करेगी। अधिकारियों ने बताया कि दुकान स्थापना पंजीयन (गोमास्ता) का तात्पर्य श्रम विभाग से आपके दुकान में कार्यरत कर्मचारियों का पंजीयन कराना होता है। इसमें व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होती है। इसलिए निगम के बिना लायसेंस के व्यवसाय करना अवैध माना जाएगा।

### नशे के लिए पैसा नहीं दिया चाकू से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत नया तालाब सिरसा खुर्द के पास नशे के लिए पैसा नहीं देने पर आरोपी प्रहलाद पिता रमेशर यादव उम्र 53 वर्ष ने चाकू से हमला कर दिया। कमल कुंभकार 30 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 4 अगस्त को रात करीब 9 बजे की है। कमल घटना स्थल पर खड़ा हुआ था। तभी सिरसाखुर्द का ही रहने वाला प्रहलाद यादव आया। प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की डिमांड की। कमल ने मना किया तो प्रहलाद यादव गाली गलौच शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया।

**बैठक :** कक्षा 6वीं के नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षकों का प्रशिक्षण चारों विकासखंड में हुआ प्रारंभ

# मन से जुड़कर किया जाने वाला हर कार्य सफल होता है: घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवीन पाठयपुस्तक केअंतर्गत कक्षा छठवीं के विषय गणित और हिंदी पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिवस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे और अकादमिक सदस्य व नोडल अधिकारी व्याख्याता थलज कुमार साहू, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी जिले के दो विकास खंडो बेमेतरा और बेरला में निरीक्षण करने पहुंचे। सर्वप्रथम बेमेतरा विकासखंड के प्रशिक्षण स्थल शासकीय हाईस्कूल खिलोरा पहुंचे। जहां पर प्रशिक्षण चल रहा है।

डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा की किसी भी कार्य को हमें करना है तो पूरे मन से जुड़कर करें। प्रसन्नचित्र और पूरी ऊर्जा के साथ करें। क्योंकि कहा गया है मन के हारे हार है मन के जीते जीत। पूरे मनोयोग से किया हुआ हर कार्य सफल होता है। आप सब में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। लेकिन इस प्रतिभा को और भी निखारने का काम यह प्रशिक्षण करता है। हमारी क्षमता को, हमारी दक्षता को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है प्रशिक्षण। प्रशिक्षित होकर जब हम अपने विद्यालय में जाते हैं, अपनी कक्षा में जाते हैं तो पूरी ऊर्जा के साथ हम बच्चों को ज्ञान परोसने का कार्य कर सकते हैं। बच्चों को हमेशा नया सीखने के लिए प्रेरित करें। प्रशिक्षण के पश्चात आप सब यह संकल्प लेकर के जाएं कि हमें बच्चों के हित में बेहतर कार्य करना है। यह प्रशिक्षण ही हमें क्षमतावान बनाता है। हम अपनी कक्षा के बच्चों को बेहतर से बेहतर देने का प्रयास करें। बच्चों को आप सरल से सरलतम भाषा का प्रयोग कर उन्हें समझाने का प्रयास करें। छोटे छोटे बच्चों के लिए गतिविधियों द्वारा अध्यापन कार्य सबसे श्रेष्ठ होता है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा शिक्षक वही है जो बच्चों को लगातार प्रोत्साहित करता है। इस दृष्टिकोण से आप सब की जिम्मेदारी और भी बहुत बढ़ जाती है। डाइट प्राचार्य ने सभी प्रशिक्षार्थियों को पूरी तरह गंभीरता पूर्वक इस प्रशिक्षण में तन और मन से जुड़ने की अपील की।विकासखंड बेमेतरा में प्रशिक्षार्थियों की संख्या 66 के लगभग रही। जिसमें बेमेतरा विकासखंड की अलग-अलग पूर्व माध्यमिक शालाओं में पढ़ाने वाले गणित विषय के शिक्षक शामिल हुए 5 दिवसीय चलने वाले इस नवीन पाठ्य पुस्तक गणित विषय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी सीख सकेंगे की गणित प्रकाश, कौशल बोध, कृत 1 एवं खेल यात्रा पुस्तक के माध्यम से बच्चों को कैसे शिक्षा दी जाए। प्रथम दिवस प्रथम कालखंड मास्टर ट्रेनर ज्योति बनाफर के द्वारा शुरू किया गया जिसमें सर्वप्रथम सभी शिक्षकों का परिचय गणित शब्दावली के माध्यम से कराया गया। इसके पश्चात पाठ्य पुस्तक के विषय में चर्चा की गई की किस तरह से यह पाठ्य पुस्तक नई शिक्षा नीति 2020 के आधार पर बनाया गया है किस तरह बच्चों को मनोवैज्ञानिक शैक्षिक तकनीकी व्यावहारिक तथा मूल्य शिक्षा का ज्ञान इस किताब के माध्यम से मिल सकेगा इस पुस्तक में उच्च गुणवत्ता वाले चित्र QR कोड उदाहरण के साथ सरल व्याख्याएं अभ्यास प्रश्न और ओलंपियाड के प्रश्न भी शामिल है।



### जमीनी स्तर पर करें क्रियान्वित

बीआरसी खोम लाल साहू ने कहा कि नवीन पाठ्य पुस्तक की सभी जानकारी को प्रशिक्षण के पश्चात बच्चों को प्राप्त होना चाहिए। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के पश्चात समस्त शिक्षक अपने विद्यालय में जाकर नवीन पाठ्य पुस्तक के संबंध में जो भी कठिनाई हैं उन्हें सरल किस प्रकार से बनाया जाए। इसके संबंध में अपने विद्यालय में बच्चों से विशेष प्रकार से चर्चा करते हुए जमीनी स्तर पर इसे किस प्रकार से क्रियान्वित किया जाए। यह पाठ्य पुस्तक एससीईआरटी एवं एनसीईआरटी के संयुक्त रूप से तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत बच्चों की दूरगामी क्षमता एवं साथ ही साथ उनके बौद्धिक क्षमताओं का पूर्ण विकास होगा।

### प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण का लिया आनंद

एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग इस पुस्तक की खासियत है मल्टी डिसीप्लिनरी लर्निंग गणित को अन्य विषय के साथ कैसे जोड़ा जाए भी शामिल है इसके पश्चात अगले कालखंड में मास्टर ट्रेनर उमेश पाटकर द्वारा सहज तरीके से गणित में पैटर्न पहला पाठ को एक्टिविटी के माध्यम से समझाया गया कुछ नए शब्द जैसे वीहरांक को भी बहुत आसान शब्दों में समझाया गया। तीसरा कालखंड मास्टर ट्रेनर अन्नपूर्णा सोनी द्वारा लिया गया। वे रेखाएं और कोण पर विस्तार से चर्चा की की किस तरह से बिंदु से आगे बढ़ते हुए किरन रेखा रेखाखंड का निर्माण होता है। मनोज पाटिल द्वारा कविता के माध्यम बहुत ही रोचक तरीके से गणित के विभिन्न विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया इस तरह से प्रशिक्षण का पहला दिवस बहुत ही सारगर्भित रहा प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण का आनंद लिया इसके पश्चात डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बेरला विकासखंड में चल रहे प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। बेरला विकासखंड के बीआरसी खोम लाल साहू के मार्गदर्शन में बेरला में भी दो जगह प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। पहला बीआरसी कार्यालय बेरला में गणित पढ़ने वाले शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण चल रहा है, जिसमें 82 शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिन्हें तीन मास्टर ट्रेनर के माध्यम से यहाँ बढ़िया प्रशिक्षण का आयोजन चल रहा है। इस प्रशिक्षण में गणित विषय के नवीन पाठ्य पुस्तक के संबंध में विस्तार पूर्वक मास्टर ट्रेनर के माध्यम से चर्चा किया जा रहा है। जिसमें शिक्षण सत्र 25-26 के अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तक पढ़ाया जाय और प्रसारित किया जाए। इसके संबंध में विशेष प्रकार से समस्त शिक्षकों को बताया गया। साथ ही साथ दूसरा प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट पीएमश्री विद्यालय बेरला में विषय हिंदी के प्रशिक्षण का आयोजन चल रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा हिंदी विषय के विभिन्न बारीकियां और बच्चों के सामने इसे किस प्रकार से परोसा जाए, इस पर और इसकी बारीक बारीकियां पर मास्टर ट्रेनर्स चंपा साहू, पुष्पा ध्रुव एवं थोरेश्वर देवांगन के माध्यम से हिंदी विषय के विभिन्न जानकारियां को समस्त शिक्षकों को अवगत कराया गया।

## लोलेसरा में साप्ताहिक श्री रामकथा समारोह संपन्न



**बेमेतरा।** ग्राम लोलेसरा में आदर्श मानस मण्डली द्वारा आयोजित श्रावण मास साप्ताहिक श्रीराम कथा सत्संग समारोह का भक्तिमय समापन हुआ। आयोजन के अंतिम दिवस स्थानीय मण्डली के अलावा सुर समृद्धि भजन बेमेतरा के श्री राजा तंतुवाय, श्री विभाष मिश्रा, श्री राजकुमार ताम्रकार द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। समापन समारोह में श्री मिथलेश वर्मा शत्रुहन वर्मा नरेन्द्र वर्मा व मेहत्तर वर्मा का अतिथि स्वरुप सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं कक्षा 10वीं के तनु साहू, कक्षा 12वीं से गायत्री वर्मा, यास्मीन वर्मा का तथा अतिथि कलाकार मन्नू यादव लोभन वर्मा एवं श्रेष्ठ दर्शक दिलीप वर्मा, चंपा बाई वर्मा को सम्मानित किया गया। समिति द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। उक्त आयोजन में तेखन सिंह वर्मा, श्यामलाल साहू, थम्मन वर्मा, नेमसिंह वर्मा, ओमप्रकाश, ऋषि वर्मा, तेजप्रताप, महेंद्र वर्मा, संतोष यादव, अश्वन यदु, घनश्याम वर्मा, दीनू, खुमेश, उत्तम साहू, कुलेश्वर, पिकेश्वर, कमलेश, मुरली, योगेन्द्र, सागर का विशेष सहयोग रहा।

## महिलाओं को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण और मातृत्व योजनाओं की दी जानकारी



**बेमेतरा।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 15 दिनों तक चलाए गए निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन हो गया है। ग्राम भिंभौरी के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हुए इस कार्यक्रम में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत 34 महिलाओं और किशोरियों को ब्यूटी पार्लर से जुड़ी विभिन्न तकनीकों का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर संगीता सिंह ने प्रतिभागियों को थ्रेडिंग, मेकअप, हेयर कटिंग और फेशियल जैसी कलाएं सिखाईं। समापन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप परगनिहा और पार्षद गोविंद यदु ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इसी दौरान, विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त 2025) के तहत गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में माताओं को शिशु के लिए जन्म के तुरंत बाद दिए जाने वाले पहले गाढ़े दूध (कोलेस्ट्रम) और 6 महीने तक केवल स्तनपान के महत्व के बारे में बताया गया। इसके अलावा, माताओं को 'रेडी टू ईट' पोषण आहार, तिरंगा भोजन और स्थानीय फल-सब्जियों के लाभों की जानकारी भी दी गई, ताकि माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, महिला कोष की सक्षम योजना और ऋण योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

**विशेष पंजीकरण अभियान और सहायता राशिः** इस दौरान, 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चल रहे विशेष पंजीकरण अभियान की जानकारी देते हुए बताया गया कि पहली बार मां बनने पर 5,000 और दूसरी बार बालिका के जन्म पर 6,000 की सहायता राशि दी जाती है। इच्छुक महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्र या मितानिन से संपर्क कर इन योजनाओं का लाभ ले सकती हैं। इस कार्यक्रम में उप स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज संस्था ने वृद्धाश्रम में रक्षाबंधन का पर्व मनाया



**बेमेतरा।** ब्रह्माकुमारीज संस्था ने वृद्धाश्रम में रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर बी के शशि बहन जी ने वृद्धाश्रम के सभी वृद्धजनों को राखी बांधी और मुख मीठा कराया।

उन्होंने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य को भी समझाया और बताया कि यह पर्व भाई-बहन के वैश्विक रिश्ते की स्मृति दिलाता है। ओर तिलक आत्मिक स्मृति दिलाता है वही राखी श्रेष्ठ संकल्प में खुद को बांधने का प्रतिक है। इसी तरह मिठाई खिलानाः मुख से सदा मीठे वचन निकालने का भी एक प्रतिक है।उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्था की भूमिका पर कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था रक्षाबंधन को एक आध्यात्मिक पर्व के रूप में देखती है, जिसमें प्रेम, सुरक्षा और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया जाता है। ब्रह्माकुमारीज संस्था अक्सर वृद्धाश्रमों में जाकर बुजुर्गों को राखी बांधती है, जिससे उन्हें खुशी और सम्मान का अनुभव होता है। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने ब्रह्माकुमारीज की निस्वार्थ सेवा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज की निस्वार्थ सेवा से एक दिन विश्व परिवर्तन हो ही जाएगा।

## केन्द्रीय विद्यालय के संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में, कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किया स्थल निरीक्षण



**बेमेतरा।** जिले के शैक्षणिक परिदृश्य को एक नई ऊंचाई देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए आगामी शिक्षा सत्र 2025-26 से केन्द्रीय विद्यालय बेमेतरा का संचालन प्रारंभ किया जाना है। नया शिक्षा सत्र का जल्द प्रारंभ किए जाने पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बाबा मोहतरा विद्यालय परिसर में संचालित होने वाले केन्द्रीय विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे ।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय संचालन की तैयारियों की समीक्षा करना एवं कक्षा पहली से पाँचवीं तक के लिए प्राप्त प्रवेश आवेदनों की अंतिम दिन की स्थिति का मूल्यांकन करना था। इस दौरान एडीएम अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डीईओ कमल बंजारे, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य, एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन से विस्तारपूर्वक चर्चा की और सभी प्राप्त आवेदन पत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए प्रचार्यों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अभिभावक और विद्यार्थी को समय पर तथा स्पष्ट सूचना प्रदान की जाए। इस संबंध में उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया की अनंतिम चयन सूची आगामी 11 अगस्त 2025, सोमवार को जारी की जाएगी, जिसे विद्यालय के नोटिस बोर्ड अथवा अन्य उपयुक्त माध्यमों से सार्वजनिक किया जाएगा। श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि विद्यालय संचालन की दिशा में कोई भी कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा, और भविष्य में छात्र संख्या एवं संसाधनों के अनुसार इसका विस्तार किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यालय के सुचारूपूर्वक संचालन हेतु आवश्यक संसाधनों एवं सामग्रियों की सूची संलग्न की गई है, जिसे प्राथमिकता से पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

इसी बीच निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावामोहतरा के छात्रों से भी संवाद किया। उन्होंने बच्चों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे और सही उत्तर देने वाले छात्रों को मिठाई वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों की जिज्ञासा एवं ज्ञानवर्धन के लिए रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए।

कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा सत्र की शीघ्र शुरुआत सुनिश्चित की जाए, जिससे जिले के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शिक्षा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय के प्रारंभ से न केवल बेमेतरा बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे।

## हाफ बिजली बिल योजना में कटौती पर कांग्रेस का कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बिजली उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल सीमा घटकर सिर्फ 100 यूनिट किए जाने को भाजपा सरकार की आम जनता की जेब में डाला गया डाका करार दिया है। पूर्व विधायक आशीष शाहपुरा ने कहा कि अभी चंद दिनों पहले ही भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं के जेब में डाका डालकर बिजली यूनिट दरों को बढ़ाया था और चंद दिनों में ऐसी कौन सी आपदा आ गई जो बिजली उपभोक्ताओं को कांग्रेस सरकार के समय प्रारंभ की गई हाफ बिजली बिल योजना की सीमा घटकर सिर्फ 100 यूनिट तक के ही उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल छुठ स्कीम का लाभ दिए जाने की बात की जा रही है।

वास्तव में यह सब अदानी ग्रुप को फायदा पहुंचाने के नियत से किया जा रहा है। भाजपा सरकार जो लोगों के घरों में सोलर पैनल लगवाने की बात कर रही है। वह सोलर पैनल अदानी ग्रुप के द्वारा ही बनाया जाता है। सोलर पैनल की बिक्री बढ़ाने के लिए आम जनता को बैंक से उधार दिलवाकर सोलर पैनल अपने घरों में लगवाने की स्कीम लाई है और इस लूट को भी मुक्त बिजली का नाम दिया जा रहा है। जबकि इस बिजली के लिए उपभोक्ता को अपनी जेब से लाख रुपए से कम खर्च नहीं करना पड़ेगा। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस सोलर पैनल का विरोध करती है।

### बिजली दरों में वृद्धि को आम जनता की जेब में डाका कांग्रेस



- भाजपा सरकार ने मचाई है लुट : आशीष छाबड़ा
- बिजली दरों में वृद्धि को आम जनता की जेब में डाका

सिर्फ लोगों को मजबूर करके सोलर पैनल लगाने के लिए विवश करने का जो कार्य बीजेपी के द्वारा किया जा रहा है। उसका हम पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। उपभोक्ता को स्वतंत्र विकल्प होना चाहिए कि वह अपनी इच्छा से सोलर पैनल लगवाएं और सरकार को सोलर पैनल लगवाने का खर्च स्वयं वहन करना चाहिए। आखिर आम उपभोक्ता जो अपने घर को बड़े मुश्किल से चला पा रहा है। वह पहले से ही कर्ज में दबा हुआ है ऐसे में शासन द्वारा अघोषित तरीके से उसे पर यह दबाव बनाया जा रहा है कि उपभोक्ता सोलर पैनल लगवाएं और यह सोलर पैनल या तो वह अपने जमा किए हुए पैसों को देखकर लगवाएं या बैंक से कर्ज लेकर लगवाएं। जबकि होना यह चाहिए कि अगर भाजपा की नियत साफ है तो लोगों को मुक्त में सोलर पैनल लगाने के विकल्प दिए जाने चाहिए ना कि उनके नाम से बैंकों में कर्ज लेकर सोलर पैनल लगाने की योजना चलाई जानी चाहिए। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की जनता अपनी आंखों से देख रही है कि किस तरीकों से भाजपा के द्वारा लोगों के घरों में डकैती की जा रही है। आज आम जनता अपने को असहाय महसूस कर रही है ना तो भाजपा लोगों को शिक्षा दे पा रही है। ना स्वास्थ्य की जिम्मेदारी उठा पा रही है और अब लोगों को बहाल करने के लिए लगातार बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने की जो साजिश कर रही है उसे जानता बुरी तरीके से परेशान हो चुकी है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस के द्वारा आज 7 अगस्त गुरुवार दोपहर 12:30 बजे रोड स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना 400 यूनिट को समाप्त करने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें उन्होंने आम जनता से तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में एकत्र होने की अपील की है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा है कि यह अधिकार की लड़ाई है जिसमें सभी की भागीदारी अनिवार्य है।

**मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक हुई**

# जिले में 158 केंद्रों का युक्तियुक्तकरण, 133 नये मतदान केन्द्र प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व, जिले में मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन (युक्तियुक्तकरण) की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस क्रम में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केन्द्रों का पुनः परीक्षण कर उन्हें विभाजित कर नवीन केन्द्रों की स्थापना, स्थान परिवर्तन व भवन परिवर्तन हेतु प्रस्ताव आयोग को भेजा जाना है। इसी संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टरेट के दृष्टि सभाकक्ष मे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में प्रस्तावित कार्य योजना की विस्तृत जानकारी साझा की गई एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में बताया गया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 158 ऐसे मतदान केन्द्र चिन्हित किए गए हैं जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है।



### साजा विधानसभा क्षेत्र मे 36 केन्द्र

इन केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण करते हुए 135 नवीन मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें 14 केन्द्रों के अनुमोदन तथा 3 केन्द्रों के भवन परिवर्तन के प्रस्ताव भी शामिल हैं। प्रस्तावित नवीन मतदान केन्द्रों का विधानसभा क्षेत्रवार अंतर्गत साजा विधानसभा क्षेत्र मे 36 केन्द्र, बेरला विधानसभा क्षेत्र मे 41 केन्द्र और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र 58 केन्द्र शामिल है। वर्तमान में जिले में कुल 7,99,737 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,00,561 पुरुष, 3,99,372 महिला एवं 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि को आधार मानते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम पृथक रूप से जारी किया जाएगा।

कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु वे अधिकतम सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी सुझावों का स्वागत किया जाएगा और प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु नियुक्त बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के माध्यम से कार्यवाही की जाएगी। नवीन मतदान केन्द्रों की सूची अनुमोदन उपरांत सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके आधार पर प्रत्येक केन्द्र में बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति कर जानकारी साझा करना आवश्यक होगा।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 व हटाने के लिए फॉर्म 7

निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने हेतु वर्ष भर चार अर्हता तिथियां 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर निर्धारित की गई हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6, नाम हटाने के लिए फॉर्म 7, और संशोधन, स्थानांतरण, डुप्लीकेट ईपिक कार्ड या दिव्यांगजन को चिह्नित करने हेतु फॉर्म 8 का उपयोग किया जा सकता है। ये फॉर्म वोटर हेल्पलाइन एप्प या वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन कभी भी भरे जा सकते हैं। एपिक कार्ड निर्माण का कार्य एमटेक इनोवेशन प्रा. लि., पुणे (महाराष्ट्र) द्वारा किया जा रहा है, जिसे स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाताओं को भेजा जा रहा है। साथ ही, मतदाता e-EPIC भी ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। मतदाता सूची या ईपिक कार्ड से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए जिले में स्थापित टोल फ्री नंबर 1950 पर कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

